बाबा मुक्तानन्द के जन्मदिवस महोत्सव २०२६ के उपलक्ष्य में सिद्धयोग™ ऑडिओ सत्संग

१० अप्रैल, २०२६

आत्मीय पाठक,

परमपूज्य बाबा जी के शुभ जन्मदिवस महोत्सव पर आयोजित होने वाले सिद्धयोग ऑडिओ सत्संग में भाग लेने के लिए आपको आमन्त्रित करते हुए मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। आगामी मई माह में, बाबा मुक्तानन्द के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हम उनके जीवन व उनकी शिक्षाओं का स्मरणोत्सव मनाएँगे।

इस सत्संग का शीर्षक है,

अपनी आत्मा को समझो

इस सत्संग में आप बाबा जी का एक प्रवचन सुनेंगे, बाबा जी की गहन व समयातीत सिखावनियों पर चिन्तन-मनन करेंगे, दिव्य नाम का संकीर्तन करेंगे और ध्यान करेंगे।

आप १ मई से ३१ मई तक, पूरे मई माह के दौरान बाबा जी की सिखावनियों के इस उत्सव में भाग ले सकते हैं। यह सत्संग सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर, विश्वभर के सिद्धयोग आश्रमों में, ध्यान-केन्द्रों पर और भाग लेने वाले नामसंकीर्तन एवं ध्यान केन्द्रों पर उपलब्ध रहेगा।

भारत में पंजीकरण जल्द ही शुरू होगा। मैं आपको प्रोत्साहित करता हूँ कि आप अभी समय लेकर, इस उत्सव को अपने कैलेन्डर में शामिल कर लें।

बाबा मुक्तानन्द के जन्मदिवस महोत्सव पर आयोजित होने वाला यह सिद्धयोग ऑडिओ सत्संग, बाबा जी के सान्निध्य में होने और उनकी सिखावनियों से नई अन्तर-दृष्टि प्राप्त करने का एक अमूल्य अवसर है।

इस सत्संग का शिक्षक होने के नाते, आप सभी के साथ बाबा जी की विरासत का उत्सव मनाने की मुझे उत्सुकता से प्रतीक्षा रहेगी।

आदर सहित,
मैत्रेय लैरिऑस
सिद्धयोग ध्यान-शिक्षक

© २०२६ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।